कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सवाई माधोपुर

क्रमांक : 404

दिनांक : 03.04.2020

विज्ञप्ति

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के पत्र कमांक एफ-7(136/2)/रालसा/संस्था-संविदा सेवा/2020/198 दिनांक 31.03.2020 द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हेतु 03 पद स्वीकृत किये गये है, जो वर्तमान में रिक्त है।

उक्त स्वीकृत एवं रिक्त पदों हेंतु कार्मिक विभाग के परिपत्र एफ 17(10)डी.ओ.पी./ए-द्वितीय/94 दिनांक 08.02.2018 के प्रावधानों की पालना में सेवानिवृत्त कर्मचारी को संविदा पर वित्तिय वर्ष 2020-21 तक अथवा रिक्त पदों के भरने से पूर्व, दोनों में से जो भी पहले हो, कर्मचारियों की संविदा सेवाऐं उक्त पदो पर निम्नानुसार प्राथमिकता के आधार पर ली जानी है-

1. राज्य सरकार के विभागों से सेवानिवृत्त समान संवर्ग के कर्मचारीगण

राज्य सरकार से सेवानिवृत्त कार्मिक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं हुई है, ऐसे इच्छुक कर्मचारीगण विज्ञप्ति के साथ संलग्न प्रारूप में निम्न दस्तावेजों सहित आवेदन करें-

1. सेवानिवृत्ति के समय मूल वेतन बाबत एलपीसी
2. पी.पी.ओ.
3. स्वास्थ्य प्रमाण पत्र
4. कार्मिक के विरूद्ध प्राथमिक/विभागीय जांच नहीं होने अथवा कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा जारी प्रमाण पत्र
5. वेतन निर्धारण प्रमाण पत्र जिसमें ग्रेड-पे अंकित हो।

उक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवाऐं माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर से प्राप्त आदेशों/निर्देशों के अध्ययधीन प्रभावी रहेगी। उक्त पदों पर सेवाओं का पारिश्रमिक राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अन्तर्गत देय होगा।

अतः सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवाऐं देने वाले इच्छुक व्यक्ति दिनांक 08.04.2020 तक इस कार्यालय में अपना आवेदन पूर्ण रूप से भरकर प्रस्तुत करें, इसके उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(श्वेता शर्मा)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
(अपर जिला न्यायाधीश)
सवाई माधोपुर

क्रमांकः स्था./405-420

दिनांकः 03 .04.2020

प्रतिलिपिः

1. श्रीमान् सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर
2. श्रीमान् जिला एवं सैशन न्यायाधीश, सवाई माधोपुर
3. जिला कलेक्टर, सवाई माधोपुर
4. अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, गंगापुर सिटी/बौंली/बामनवास/खण्डार
5. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा/जिला न्यायालय/कार्यालय जिला कलेक्टर/तालुका गंगापुरसिटी/तालुका बौंली/तालुका बामनवास/तालुका खण्डार, जिला सवाई माधोपुर
6. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, सवाई माधोपुर

को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

7. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, सवाई माधोपुर

को जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित है।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
(अपर जिला न्यायाधीश)
सवाई माधोपुर

Scanned with CamScanner